रोहतक
शनिवार 17 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 349
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 20.3
न्यून. 1.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,570.35 | 187.64 ▼ |
| निफ्टी | 25,694.35 | 28.75 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **नीचे/ऊपर** |
| सोना | 1,46,200/- | 1100/- ▼ |
| चांदी | 2,92,600/- | 3600/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.84 | 50 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 64.49 बैरल | | 1.44% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*




**महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव के नतीजे घोषित**

# 'चप्पा-चप्पा' भाजपा चले

## भाजपा महायुति की प्रचंड जीत, 29 नगर पालिका में से 23 पर लहराया केसरिया

## पहली बार बन सकता है भाजपा का मेयर, मुंबई नगर निगम से तीस वर्ष बाद शिवसेना बाहर



- **मुंबई में 227 सीटों में से गठबंधन 110 सीटों पर जीता**
- **227 वार्ड में से 204 के नतीजे आए, भाजपा को 85 सीटें**
- **29 नगर निगमों की 2,869 सीटों में से 2,784 का रिजल्ट घोषित**



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव के नतीजे आ गए हैं। 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को बढ़त मिली है। 30 साल बाद मुंबई में ठाकरे परिवार सत्ता से बाहर हो गया है। 30 साल तक मेयर की कुर्सी पर शिवसेना का कब्जा रहा है। राज्य चुनाव आयुक्त के मुताबिक मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में 227 वार्ड में से 204 में नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने 85, शिवसेना ने 25, कांग्रेस ने 19, शिवसेना (यूबीटी) ने 60 और एमएनएस ने पांच सीटें जीती हैं। 29 नगर निगमों की 2,869 सीटों में से 2,784 सीटों का रिजल्ट आ गया है। भाजपा 1,372 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 394 सीटें, कांग्रेस को 315, अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 158, और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को 149 सीटें मिलीं। मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 116 सीटों पर आगे चल रहा है। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को बढ़त है।

### 77 सालों से कांग्रेस-शिवसेना का कब्जा

आजादी के बाद 77 सालों से मुंबई नगर निगम पर कांग्रेस और शिवसेना का ही कब्जा रहा है। 1947 से 1967 तक यानी 20 साल तक कांग्रेस का मेयर रहा। वहीं 1992 से लेकर 2022 यानी 30 सालों तक मेयर की कुर्सी पर शिवसेना काबिज रही। भाजपा 45 साल के इतिहास में पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने की स्थिति में पहुंची है। 4 साल से चुनाव न होने से मेयर का पद खाली था।

### महायुति की जीत के कारण

1. **विकास का मुद्दा:** भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में मुख्य रूप से विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया। पार्टी ने कोस्टल रोड, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश किया।
2. **महायुति गठबंधन:** देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के एक साथ आने से उनकी ताकत बढ़ गई। दूसरी तरफ शिवसेना, जो अपने मूल स्वरूप में चुनाव जीतती थी, उसकी ताकत बंट गई।
3. **संगठनात्मक मजबूती और सत्ता का लाभ:** भाजपा की ताकत वार्ड स्तर और हर बूथ पर बढ़ गई थी, क्योंकि उनके पास कई विधायक चुनकर आए थे। सत्ता में होने की वजह से उन्हें सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और संसाधनों का लाभ मिला, जिससे वे मतदाताओं को अधिक सुविधाएं और आश्वासन दे पाए।

### लॉटरी सिस्टम से तय होगा मेयर

मुंबई बीएमसी का मेयर किस कैटेगरी का होगा इसे लॉटरी सिस्टम से तय किया जाएगा। जैसे यह सीट महिला, ओबीसी या एससी होगी या ओपन रहेगी इसका फैसला चुनाव आयोग लाटरी सिस्टम के माध्यम से करेगा।

### गौरी लंकेश की हत्या का आरोपी जीता

पत्रकार एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता गौरी लंकेश की 2017 में हुई हत्या के आरोपी श्रीकांत पंगारकर ने जालना नगर निगम से पार्षद का चुनाव जीत लिया। पंगारकर ने वार्ड 13 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। उन्होंने भाजपा के रावसाहेब धोबले को हराया। पंगारकर को 2,661 मत मिले, जबकि धोबले को 2,477 वोट प्राप्त हुए। शिवसेना को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने पंगारकर के खिलाफ अपने उम्मीदवार उतारे थे। गौरी लंकेश की पांच सितंबर, 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### मोदी बोले- थैंक्यू महाराष्ट्र, विकास का विजन लोगों को पसंद आया

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राज्य के लोगों ने एनडीए के जन-समर्थक सुशासन के एजेंडे को आशीर्वाद दिया है। अलग-अलग नगर निगम चुनावों के नतीजे बताते हैं कि महाराष्ट्र के लोगों के साथ एनडीए का रिश्ता और मजबूत हुआ है। हमारा ट्रैक रिकॉर्ड और विकास का विजन लोगों को पसंद आया है। पूरे महाराष्ट्र के लोगों का मैं आभारी हूं। यह वोट प्रगति को गति देने और राज्य की शानदार संस्कृति का जश्न मनाने के लिए है।

---

**दिल्ली धमाके से जुड़े हैं यूनिवर्सिटी के तार**

# अल-फलाह ग्रुप पर ईडी की चार्जशीट 140 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच




**पीएमएलए के तहत की गई कार्रवाई, यूनिवर्सिटी बिल्डिंग, स्कूलों और विभागों की बिल्डिंग्स तथा हॉस्टल शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी की करीब 140 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच कर दी हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। साथ ही ईडी ने अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की है। ईडी द्वारा अटैच की गई संपत्तियों में फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में स्थित 54 एकड़ जमीन, यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग, विभिन्न स्कूलों और विभागों की बिल्डिंग्स तथा हॉस्टल शामिल हैं। ये सभी संपत्तियां अल फलाह ट्रस्ट के नाम पर हैं। ईडी ने इन्हें अपराध की आय की श्रेणी में रखा है।

### डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन सईद सहित 10 को किया था गिरफ्तार

अल-फलाह यूनिवर्सिटी का नाम उस समय भी सामने आया था, जब व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की जांच चल रही थी। इस मामले में एनआईए और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन सईद समेत 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। यूनिवर्सिटी से जुड़े डॉक्टर डॉ. उमर उन नबी ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास चलती हुई कार में धमाका किया था, जिसमें उमर उन नबी समेत 15 लोगों की मौत हो गई थी।

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम : मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। 10 साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, जिसकी संख्या आज 2 लाख से ज्यादा है। नेशनल स्टार्टअप डे के मौके पर पीएम ने कहा कि भारत के युवाओं का फोकस रियल प्रॉब्लम सॉल्व करने पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अकेले वर्ष 2025 में लगभग 44 हजार स्टार्टअप पंजीकृत हुए जो किसी एक वर्ष में सबसे अधिक संख्या है।



10 साल पहले 500 स्टार्टअप थे, आज 2 लाख *2025 में 44 हजार स्टार्टअप पंजीकृत*

*(विस्तृत पेज-5 पर)*

## एक अप्रैल से टोल कैशलेस नकद भुगतान पूरी तरह बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक अप्रैल से देश के सभी टोल प्लाजा कैशलेस हो जाएंगे। नए नियमों के लागू होने के बाद वाहन चालकों को टोल टैक्स चुकाने के लिए सिर्फ फास्टैग या यूपीआई पेमेंट का ही इस्तेमाल करना होगा। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने दी। उन्होंने कहा कि टोल पर नकद (कैश) लेनदेन को पूरी तरह से बंद करने का फैसला लिया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य टोल नाकों पर लगने वाली लंबी लाइनों को खत्म करना और सफर को बाधा रहित बनाना है।



सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से टैक्स लिया जाएगा **अभी 25 टोल पर ट्रायल शुरू**

---

## नितिन का भाजपा अध्यक्ष बनना तय, 20 को मुहर

**नई दिल्ली।** भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा। अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय है। नितिन नबीन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। *एजेंसी*



**पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम**

## प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा आज हल्की बारिश की संभावना

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे सकता है। इससे मौसम में बदलाव होने की संभावना है। हल्की बूंदाबांदी की भी संभावना है। मौसम विभाग ने पूरे हरियाणा में कोहरे और शीतलहर को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। भिवानी 1.5 डिग्री तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल और अंबाला में कोल्ड-डे की स्थिति है। सोनीपत, पानीपत, भिवानी, फतेहाबाद समेत कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया है, तेज सर्द हवाएं चल रही है। बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज हुई है, हालांकि इसके बावजूद तापमान सामान्य से काफी नीचे बना हुआ है। वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के कई शहरों में बूंदाबांदी का अलर्ट भी जारी किया है।

> **भिवानी 1.5 डिग्री तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा**

**सुरक्षा को लेकर विभाग का निर्देश**

## अब रोडवेज के ड्राइवर को भी लगानी होगी सीट बेल्ट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा रोडवेज की बसों को चलाने वाले ड्राइवरों के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। सीट बेल्ट न लगाने पर ड्राइवर को एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यदि बस में सीट बेल्ट ही नहीं है, तो जुर्माने का भुगतान संबंधित वर्कशॉप मैनेजर को करना होगा। इस फैसले से सड़क हादसों के दौरान होने वाले जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकेगा। परिवहन विभाग ने साफ किया है कि यह नियम यात्रियों और चालकों दोनों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। सरकार ने पत्र में स्पष्ट किया है कि नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> **लापरवाही पर लगेगा एक हजार रुपये जुर्माना**

**10 वर्ष सेवा अनुभव पर मिलेगा लाभ**

## 50% आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बनाए जाएंगे सुपरवाइजर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए अहम निर्णय लिया गया है। इसके तहत 10 वर्ष की सेवा का अनुभव और सुपरवाइजर पद की पात्रता पूरी करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब सुपरवाइजर 50 प्रतिशत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में से तथा शेष 50 प्रतिशत सीधी भर्ती से नियुक्त किए जाएंगे। कुपोषित बच्चों को कुपोषण से निजात दिलाने के लिए अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा की गई है। ऐसे बच्चों को उबले हुए काले चने, चूरमा के अलावा किन्नू देने का प्रावधान किया जा रहा है। सरकार के सार्थक प्रयास से 80 हजार कुपोषित बच्चों में से 54 हजार बच्चों को कुपोषण से निजात दिलवाई गई।

> **54000 बच्चों को दिलाई कुपोषण से निजात**

## 46 शहरों में घर खरीदना महंगा ईडीसी में 10 फीसदी की बढ़ोतरी



सरकार ने बाह्य विकास शुल्क में की बढ़ोतरी ■ संशोधित दरें एक जनवरी 2026 से होंगी लागू, लोगों पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में घर खरीदने की योजना बना रहे लोगों को झटका लगा है। सरकार ने प्रदेश के 46 शहरों में ईडीसी (बाह्य विकास शुल्क) में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। संशोधित दरें एक जनवरी 2026 से ही लागू मानी जाएंगी। बढ़ी हुई फीस होम, इंडस्ट्रियल, कॉमर्शियल और कंबाइन यूज वाले सभी प्रोजेक्ट पर लागू होगी। इसका सीधा असर प्रॉपर्टी की कीमतों पर भी पड़ेगा। खासकर एनसीआर के गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला जैसे हाई डिमांड वाले शहरों में लोगों पर अधिक बोझ पड़ेगा।

### बुनियादी ढांचों के लिए लिया जाता है शुल्क

ईडीसी वह फीस है, जो राज्य सरकार डेवलपर्स से प्रोजेक्ट क्षेत्र में बनने वाले बुनियादी ढांचों के लिए लेती है। इसमें सड़कें, जल आपूर्ति, बिजली और सीवरेज नेटवर्क शामिल होता है। आमतौर बिल्डर इस अतिरिक्त लागत को ग्राहकों और निवेशकों पर डाल देते हैं। हाल ही में सर्कल रेट में भी बढ़ोतरी हुई थी। इसके बाद अब ईडीसी बढ़ने से प्रदेश में रेसीडेंशियल और कॉमर्शियल प्रॉपर्टीज के महंगी होने की संभावना है।

---

**नई दिल्ली की जगह सफदरजंग स्टेशन पहुंचेगी**

## इंदौर-दिल्ली सुपरफास्ट का रूट बदला, अब हिसार तक जाएगी

**रोहतक और महम के आसपास के लोगों को फायदा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंदौर से राजधानी दिल्ली के बीच सफर करने वाले यात्री ध्यान दें। रेल मंत्रालय ने दोनों शहरों के बीच चलने वाली इंदौर-दिल्ली (त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 20957/58) के रूट विस्तार को मंजूरी दे दी है। अब यह ट्रेन इंदौर से रोहतक-महम के रास्ते हिसार तक चलाई जाएगी। इस विस्तार से न केवल हिसार बल्कि रोहतक और महम के आसपास के लोगों के लिए भी इंदौर आना-जाना आसान होगा। क्योंकि इन शहरों से इंदौर के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं है। इस बदलाव के चलते इंदौर से दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि अब ये ट्रेन नई दिल्ली स्टेशन की बजाए दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से संचालित होगी। इंदौर से हिसार के बीच चलने वाली गाड़ी (20957) प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार शाम को इंदौर से 4.45 बजे रवाना होगी।

## हरिद्वार में गंगा घाट पर गैर हिंदुओं की एंट्री बैन

**हरिद्वार (एजेंसी)।** हर की पैड़ी हरिद्वार में गंगा सभा की ओर से जगह-जगह बोर्ड लगाए गए हैं, जिन पर लिखा गया है कि यहां पर गैर हिंदुओं का आना वर्जित है। गंगा सभा हर की पैड़ी हरिद्वार के अध्यक्ष पंडित नितिन गौतम ने कहा कि 1916 में अंग्रेज सरकार के समय नगर पालिका के तहत म्युनिसिपल एक्ट बनाया था, जिसमें यहां पाबंदी लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि इस कानून के बारे में लोगों को पूरी तरह से जानकारी नहीं थी इसलिए गंगा सभा ने इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए हर की पैड़ी हरिद्वार के सभी द्वारों में बोर्ड लगा दिए हैं।



**वेनेजुएलाई नेता मचाडो ने अपना पुरस्कार अमेरिकी राष्ट्रपति को दिया**

**नोबेल संस्थान बोला, पदक के मालिक बदल सकते हैं, लेकिन उपाधि नहीं**

# आखिर डोनाल्ड ट्रंप ने नोबेल हाथ में लेने का आनंद ले ही लिया

- ट्रम्प बोले- मारिया एक अद्भुत महिला, मचाडो ने कहा-वेनेजुएलावासियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक
- राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेना ने 3 जनवरी को कर लिया था अगवा, तब से चल रहा तनाव

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आखिरकार नोबेल पुरस्कार लेने की हसरत पूरी हो गई। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो से मुलाकात की। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा करने के बाद यह उनकी किसी भी वेनेजुएलाई नेता से पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। मुलाकात के बाद माचाडो ने कहा कि उन्होंने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल भेंट किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आज हम वेनेजुएलावासियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।' बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मचाडो ने ट्रंप को अपना पुरस्कार सौंपने के बारे में बताया, लेकिन उन्होंने दूसरी कोई जानकारी नहीं दी।

### हम राष्ट्रपति ट्रंप पर भरोसा कर सकते हैं

व्हाइट हाउस ने भी यह नहीं बताया कि ट्रंप ने मेडल स्वीकार किया या नहीं। व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद मचाडो ने बाहर जुटे समर्थकों से स्पेनिश में कहा, 'हम राष्ट्रपति ट्रम्प पर भरोसा कर सकते हैं।' हालांकि ट्रंप ने अब तक माचाडो को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में समर्थन नहीं दिया है। इसकी बजाय वे वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ काम कर रहे हैं।



### नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसे रद्द नहीं किया जा सकता

ट्रंप हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं। जब यह मचाडो को मिला तो उन्होंने नाराजगी जताई। दूसरी ओर नोबेल कमेटी ने पहले कहा था कि नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसे रद्द नहीं किया जा सकता। न ही इसे साझा किया जा सकता है और न ही किसी और को हस्तांतरित किया जा सकता है। यह निर्णय अंतिम है और हमेशा के लिए मान्य रहेगा।

### पिछले साल मिला था शांति का नोबेल

व्हाइट हाउस में हुई बैठक से पहले नोबेल संस्थान ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि एक पदक के मालिक बदल सकते हैं, लेकिन नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की उपाधि नहीं बदल सकती। अक्टूबर 2025 में मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें 'वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके प्रयासों और तानाशाही से शांतिपूर्ण लड़ाई' के लिए यह सम्मान मिला था।

फरीदाबाद की अदालतों में ट्रैफिक चालानों से छेड़छाड़ व अवैध वसूली पर हाईकोर्ट सख्त

# सीआईएस सिस्टम में सेंध लगाकर बदल रहे थे चालान की धारा

## भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी को जमानत से इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने फरीदाबाद की अदालतों में ट्रैफिक चालानों से छेड़छाड़ और अवैध वसूली से जुड़े गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपित राम किशन को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सुमित गोयल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और निष्पक्ष व प्रभावी जांच के लिए आरोपी की कस्टोडियल पूछताछ आवश्यक प्रतीत होती है। यह मामला 13 सितंबर 2025 को थाना सेंट्रल फरीदाबाद में दर्ज एफआईआर से संबंधित है। प्रकरण की जड़ फरीदाबाद सत्र न्यायालय की पोस्टल ट्रैफिक चालान शाखा में पाई गई गंभीर अनियमितताओं से जुड़ी है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश फरीदाबाद द्वारा 21 मई 2025 को जारी गोपनीय पत्र के बाद कराई गई जांच में यह खुलासा हुआ कि ट्रैफिक चालानों के निपटान में बड़े पैमाने पर हेरफेर किया गया। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि कई मामलों में भारी मोटर वाहनों से जुड़े गंभीर चालानों को सिस्टम में मामूली अपराध दिखाकर निपटा दिया गया। मजिस्ट्रेट अदालतों के सीआईएस सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच बनाकर चालानों की धाराओं में बदलाव किया गया, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा। जांच के दौरान एक वाहन मालिक ने ट्रैफिक चालान के निपटान के लिए 11 हजार रुपये देने की बात स्वीकार की। यह राशि अलग-अलग माध्यमों से अन्य सह-आरोपियों तक पहुंची।

### कोर्ट कर्मचारी व होमगार्ड की मिलीभगत, अब तक 25 संदिग्ध चालानों की पहचान

अब तक 25 ऐसे संदिग्ध चालानों की पहचान की गई है, जिनके निपटान में अदालत कर्मचारियों और होमगार्ड की कथित मिलीभगत सामने आई। सह-आरोपी शुभम की गिरफ्तारी के बाद उसके बैंक खातों और यूपीआई लेनदेन में 26 संदिग्ध ट्रांजेक्शन भी उजागर हुए। याची राम किशन की ओर से दलील दी गई कि उसे झूठा फंसाया गया है, उसे चालानों में संशोधन का कोई अधिकार नहीं था और वह जांच में सहयोग करने को तैयार है। वहीं राज्य सरकार ने तर्क दिया कि आरोपी ने सह-आरोपितों के साथ मिलकर न केवल चालानों में हेरफेर कराया बल्कि अपने बैंक खाते से अवैध धनराशि का लेन-देन भी किया है, इसलिए उसकी कस्टोडियल पूछताछ जरूरी है। अदालत ने आरोपी रामकिशन की जमानत याचिका रद कर दी।



■ कर्मचारियों पर बैंक खातों और यूपीआई से पैसे लेने का आरोप

### *डिवीजन बेंचों की संख्या 13 से घटकर 8, जज अन्य न्यायिक कार्यों के लिए उपलब्ध रहेंगे*

*चंडीगढ़। लगातार घटती लंबित मामलों की संख्या से उत्साहित पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने वर्ष 2026 के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। हाईकोर्ट का उद्देश्य अगले वर्ष तक लंबित मामलों की कुल संख्या को चार लाख से नीचे लाना है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू के निर्देशों पर किए गए प्रशासनिक पुनर्गठन का भी बड़ा असर पड़ा है। डिवीजन बेंचों की संख्या 13 से घटाकर आठ कर दी गई, जिससे कई न्यायाधीश अन्य न्यायिक कार्यों के लिए उपलब्ध हो सके। इसके लिए अदालत को बीते वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी रफ्तार से मामलों का निपटान करना होगा, लेकिन मौजूदा आंकड़े बताते हैं कि यह लक्ष्य असंभव नहीं है।ताजा आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 में जहां हाईकोर्ट में 4,32,227 मामले लंबित थे, वहीं अब यह संख्या घटकर 4,20,466 रह गई है। यह गिरावट केवल एक बार की नहीं, बल्कि निरंतर बनी हुई है। चालू वर्ष में अब तक 811 नए मामलों की तुलना में 1,962 मामलों का निपटान किया जा चुका है, जिससे केस-क्लीयरेंस दर में स्पष्ट सुधार दिखाई देता है।*

■ अगले वर्ष तक लंबित मामलों की संख्या चार लाख से नीचे लाना लक्ष्य

# भवन व सड़कों के निर्माण में देरी स्वीकार नहीं, अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी

## मुख्यमंत्री ने ली पीडब्ल्यूडी की बैठक घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं से जुड़े सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विभाग के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों और भवनों से संबंधित परियोजनाएं आम जनता की सुविधा से सीधे जुड़ी होती हैं, इसलिए गुणवत्ता के साथ-साथ समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और जिन परियोजनाओं में अड़चनें आ रही हैं, उनका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यों की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संतों और महापुरुषों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने संत व महापुरुषों की शिक्षाओं व उनके जीवन से जुड़े पहलुओं की जानकारी आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उनकी जयंतियों पर सरकारी तौर पर समारोह का आयोजन करने की शुरुआत कर समाज को सामाजिक समरसता का एक संदेश दिया है।

इस दिशा में सरकार द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी के नेतृत्व में उनके आवास पर (संत कबीर कुटीर) आए प्रतिनिधिमंडल को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर कृष्ण लाल पंवार और कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री को जयंती के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

■ कुरुक्षेत्र के उमरी में 31 को मनाई जाएगी संत रविदास जयंती

**खबर संक्षेप**



### विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भूमिका अहम : स्पीकर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा में शुक्रवार को राजधानी युवा संसद संस्था के सहयोग से दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद का दूसरा संस्करण शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 13 राज्यों से 65 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अवसर राष्ट्रगान का भी वादन हुआ। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने लंबे समय तक गुलामी के कठिन दौर को झेला है, जिसके दौरान हमारी समृद्ध संस्कृति और मूल्यों को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसके बाद भी भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भूमिका अहम है।

## बुढ़ापा पेंशन पर कैंची चलाकर बुजुर्गों का हक और सम्मान छीनना चाह रही सरकार : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को हरियाणा में बुजुर्गों की पेंशन नियमों में बदलाव को सीएम नायब सिंह सरकार की क्रूरता करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बुढ़ापा पेंशन के नियमों में बदलाव करके बीजेपी सरकार बुजुर्गों की थाली से निवाला छीनने की तैयारी में है। ऐसे बदलाव होने से हरियाणा के हजारों गरीब किसान और बुजुर्ग पेंशन से वंचित हो जाएंगे। अनुराग ढांडा ने कहा कि अगर किसी बुजुर्ग के पास चार एकड़ से अधिक कृषि भूमि है या वह मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल बेचता है, तो सरकार उसकी पेंशन काटने की तैयारी कर रही है।

### किसानों के मुद्दे पर भाजपा असंवेदनशील

उन्होंने कहा कि सरकार इतनी असंवेदनशील हो गई है कि 1.80 लाख की फसल बेचने पर किसान को संपन्न मानने लगी है। सीएम नायब सिंह गरीबी और अमीरी के बीच फर्क नहीं कर पा रहे हैं। वो यह भूल गए हैं कि फसल बेचने का अर्थ शुद्ध लाभ नहीं होता बल्कि इसमें किसान का श्रम, जुताई, बीज व खाद की खरीद भी शामिल होती है। जहां एक तरफ भाजपा किसानों को 5100 रुपये देने का झूठा वादा करती है वहीं गरीब किसानों की बुजुर्ग पेंशन तक छीनने की हद तक आ गई है। अनुराग ढांडा बोले कि कई मामलों में बुजुर्ग के परिवार के अन्य लोगों की आय को भी जोड़े जाने की ख़बरें सामने आई हैं, जबकि वे परिवार से अलग रह रहे हैं। हरियाणा के गरीब बुजुर्ग इस फैसले से चिंता में पड़ गए हैं और सम्बंधित सरकारी दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हो गये हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि सेवा करने की बजाय सीएम सैनी बुजुर्गों को इस उम्र में बेवजह की भागदौड़ और मानसिक प्रताड़ना झेलने पर मजबूर कर रहे हैं। अनुराग ढांडा ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन कोई सरकारी एहसान नहीं बल्कि बुजुर्गों का संवैधानिक और सामाजिक अधिकार है। भाजपा सरकार पोर्टल और तकनीकी नियमों के नाम पर इस अधिकार को छीनने का काम कर रही है।



## ईडीसी में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी जनता से धोखा : अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार द्वारा ईडीसी (एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्ज) के रेट बढ़ाए जाने पर इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे पहले भाजपा सरकार ने सर्कल रेट में भी बढ़ोतरी की थी अब ईडीसी बढ़ने से प्रॉपर्टी के दाम बेतहाशा बढ़ जाएंगे। पहले ही इतनी महंगाई है कि ज्यादातर लोगों का घर चलाना मुश्किल है ईडीसी बढ़ने के बाद तो घर बनाने का सपना अब सपना ही रह जाएगा। अभय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के 46 शहरों में ईडीसी में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है जिसको हर साल बढ़ाया भी जाएगा। बढ़ी हुई फीस रिहायशी, इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और कंबाइन यूज वाले सभी प्रोजेक्ट पर लागू होगी। साथ ही रेट नियंत्रण के लिए एक सलाहकार भी नियुक्त करेंगे मतलब साफ है कि ईडीसी की आड़ में एक और अपने आदमीको भारी भरकम तनख्वाह, सरकारी मकान, सरकारी स्टाफ और सरकारी गाड़ी देकर एडजस्ट किया जाएगा।

**वांछित की तालाश**










आम जनता को सूचित किया जाता है कि **1. अतुल पुत्र राजेश, निवासी ग्राम कुलाशी, बहादुरगढ़, हरियाणा 2. नीरज पुत्र राजेश, निवासी ग्राम कुलाशी, बहादुरगढ़, हरियाणा 3. लक्ष्य डांगी पुत्र संदीप, निवासी कलानौर, रोहतक, हरियाणा।** उपरोक्त आरोपी दिल्ली के सेक्टर 24 रोहिणी में जबरन वसूली के लिए की गई गोलीबारी की घटना में संलिप्त पाए गए हैं। इस संबंध में **एफआईआर संख्या 04/2026 दिनांक 02.01.2026 धारा 308(4)/125 बीएनएस के तहत मामला पुलिस स्टेशन बेगमपुर, दिल्ली में दर्ज की गई है।** उपरोक्त मामले में इनकी तलाश जारी है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो वह **एसीपी/ऑपरेशन सेल से टेलीफोन नंबर 9811609838 और 9999747004 पर संपर्क कर सूचित कर सकता है।** सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। मुखबिर को उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

**थानाध्यक्ष**
**थाना बेगमपुर, दिल्ली**
DP/644/RD/2026 (Court Matter) फोन.: 8750870323, 8683828065

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अमन उर्फ चिंटू पुत्रः नवीन पताः** वी.पी.ओ. बामनवास जिला रोहतक हरियाणा ने **FIR No. 967/2024 U/s 324(6)/3(5)/109(2)/61(2) BNS & 27 A. Act थानाः पश्चिम विहार वेस्ट दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ चिंटू** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ चिंटू** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 967/2024 U/s 324(6)/3(5)/109(2)/61(2) BNS & 27 A. Act थानाः पश्चिम विहार वेस्ट दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ चिंटू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंकित करण सिंह**
**जेएमएफसी–08 वेस्ट, कमरा नंबर 30**
**तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/673/OD/2026 (Court Matter)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1447+1449

हमकि (1) जगबीर सिहं उर्फ जगबीर पुत्र मांगेराम पुत्र भरतु उर्फ भरतसिहं व (2) ममता पत्नी जगबीर सिहं पुत्र मांगेराम, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024–25, के अनुसार खेवट न0 585/508, खाता न0 594, मु0 न0 6, किला न0 18/1(2–14), मु0 न0 19, किला न0 10/2(4–18), 11/1(6–7), मु0 न0 72, किला न0 4/1(4–5) किते 4, तादादी रकबा 18 कनाल 4 मरले का 571/1272 भाग, बकदर 8 कनाल 3.39 मरले (जिसमें जगबीर सिहं उर्फ जगबीर 445/1272 भाग व ममता 21/212 भाग) व खेवट न0 586/508, खाता न0 595, मु0 न0 66, किला न0 19/3(5–12), 20(8–0), किते 2, तादादी रकबा 13 कनाल 12 मरले का 571/1272 भाग, बकदर 6 कनाल 2.10 मरले (जिसमें जगबीर सिहं उर्फ जगबीर 445/1272 भाग व ममता 21/212 भाग) व खेवट न0 588/510, खाता न0 597, मु0 न0 66, किला न0 19/1(0–3), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 3 मरले का 3/10 भाग, बकदर 0 कनाल 0.9 मरला व खेवट न0 589/511, खाता न0 598, मु0 न0 20, किला न0 26(0–17), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 17 मरले का 1/40 भाग, बकदर 0 कनाल 0.42 मरला व खेवट न0 611/527, खाता न0 621, मु0 न0 6, किला न0 15/4(1–7), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 7 मरले सालम भाग व खेवट न0 620/536, खाता न0 630, मु0 न0 72, किला न0 26(0–14), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 14 मरले का 1/24 भाग, बकदर 0 कनाल 0.58 मरला, उपरोक्त खेवटों से तादादी रकबा 1 कनाल 8.9 मरले (जिसमें जगबीर सिहं उर्फ जगबीर मालिक व काबिज है) उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 15 कनाल 14.39 मरले (1.9649375 एकड़), वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 6, किला न0 15/4(1–7), 18/1 मिन उत्तर (1–5), मु0 न0 19, किला न0 10/2 मिन पूर्व उत्तर (4–10), 11/1 मिन पूर्व उत्तर (0–10.39), मु0 न0 20, किला न0 26 मिन (0–0.42), मु0 न0 66, किला न0 19/1 मिन (0–0.9), 19/3(5–12), 20 मिन पूर्व (0–10.1), मु0 न0 72, किला न0 4/1 मिन उत्तर (1–18), 26 मिन (0–0.58), किते 10, तादादी रकबा 15 कनाल 14.39 मरले (1.9649375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 16.01.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## भाजपा ने मनरेगा की आत्मा खत्म की : सैलजा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस सांसद सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मनरेगा जैसी ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी योजना को सुनियोजित ढंग से कमजोर किया है, जिसके चलते आज देशभर में गहरा जनआक्रोश देखने को मिल रहा है। सैलजा पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि जमीनी सच्चाई यह है कि गरीबों को न तो 100 दिन का रोजगार मिल रहा है, न समय पर मजदूरी का भुगतान हो रहा है और न ही व्यवस्था में किसी प्रकार की जवाबदेही शेष बची है। मजदूरों को काम के लिए भटकना पड़ रहा है और भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक बदहाल हो गई है।

## बिजली कर्मचारियों को आंशिक राहत, बढ़े वेतन की स्वीकृति वापस लेने का आदेश रद्द

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा की बिजली उपयोगिताओं में कार्यरत वित्त, लेखा परीक्षा और लेखा अधिकारियों को आंशिक राहत देते हुए वर्ष 2016 के उस निर्णय को रद्द कर दिया, जिसके तहत संशोधित वेतनमान की पूर्व स्वीकृति वापस ले ली गई थी। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने पांच याचिकाओं का निपटारा करते हुए समान काम के लिए समान वेतन के संवैधानिक सिद्धांत पर डीएचबीवीएन के निदेशक मंडल को इस मुद्दे पर नया निर्णय लेने का निर्देश दिया। बोर्ड को अदालत के आदेश की प्रति प्राप्त होने के छह सप्ताह के भीतर कारणयुक्त निर्णय लेकर उसे याचिकाकर्ताओं को सूचित करना होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने निगम कर्मचारियों की ओर से नरेश कुमार व अन्य ने हाईकोर्ट को बताया कि विवाद हरियाणा राज्य विद्युत बोर्ड के पुनर्गठन के बाद उत्पन्न हुआ था, जिसके तहत इसे विभिन्न उत्तराधिकारी संस्थाओं में विभाजित किया गया।

■ समान काम समान वेतन के सिद्धांत के आधार पर नए सिरे से निर्णय का आदेश

## फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों से हो रही लूट

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पीएम फसल बीमा योजना के जरिए किसानों के साथ सैकड़ों करोड़ की लूट हो रही है। कंपनियों ने 7 साल में किसानों से 648 करोड रुपए कमाए हैं। फिर भी 3 साल से किसानों का 161 करोड रुपए का मुआवजा बाकी है। इतना ही नहीं पिछले साल खरीफ सीजन के दौरान जुलाई-अगस्त में आई बाढ़ के चलते खराब हुई फसलों के क्लेम का भी किसानों को कोई पैसा नहीं दिया गया। रबी की फसलों में हुए खराबे का क्लेम भी पेंडिंग पड़ा हुआ है। कई-कई साल तक किसानों परेशान किया जाता है।



**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री अनिल शर्मा श्रीमती रूपा बेबी लैंड ट्यूशन सेंटर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10463593) | 09-जन.-2026, रु. 1065684/- (रुपये दस लाख पैंसठ हजार छह सौ चौरासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : 12345, शोरे वाली गली, जैन चौक, भिवानी, भिवानी, तिलक भवन, भिवानी, हरियाणा, भारत 127021. क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 595.00, 849.60 |
| श्रीमती बिमला श्री सुनील बिमला सुनील (प्रोस्पेक्ट नं. IL10681812) | 09-जन.-2026, रु. 1035271/- (रुपये दस लाख पैंतीस हजार दो सौ इकहत्तर केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : वाका रकबा, श्याम नगर कॉलोनी, जीन्द, जीन्द, जीन्द, जीन्द, हरियाणा, भारत-126102. क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 837.00, 600.00 |
| श्री नितिन कुमार श्री अमित कुमार श्रीमती मंजू (प्रोस्पेक्ट नं. No IL10979085) | 09-जन.-2026, रु. 1137608/- (रुपये ग्यारह लाख सैंतीस हजार छह सौ आठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : Ppid No 1khothg8, 12, मनोहर कॉलोनी, खेडा बाजार, जयधारी, अग्रवाल धर्मशाला, यमुनानगर, हरियाणा, भारत-135101, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 948.40, 853.80 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआई एफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल**-132001 / अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय** : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 17.01.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## मुख्य सचिव रस्तोगी के अवकाश तक लिंक अधिकारी निपटाएंगे फाइलें

**चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा)।** प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी 22 जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे, वे फिलहाल मोहाली फोर्टिस अस्पताल में हार्ट सर्जरी के बाद से भर्ती हैं। अब यह भी साफ हो गया है कि सीएमओ (मुख्यमंत्री ऑफिस हरियाणा) में ज्यादा बड़ा बदलाव नहीं होने जा रहा है। मुख्य सचिव के अवकाश पर रहने के दौरान अब उनके मातहत अफसर (लिंक अधिकारी) ही अहम फाइलों का निस्तारण करेंगे। इस बारे में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं सीएम ऑफिस की ओर से साफ कर दिया गया है कि मुख्य सचिव के अवकाश तक निचले स्तर के जिम्मेदार अधिकारी बिना पूर्व सूचना और अप्रूवल के अवकाश पर नहीं जाएंगे ताकि जरूरी कामकाज प्रभाव नहीं हो। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि इस बारे में शुक्रवार को एक पत्र जारी कर स्थिति को साफ कर दिया गया है। बीती 9 जनवरी से अवकाश पर चल रहे राज्य सरकार के मुख्य सचिव अभी 22 जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे। यहां पर यह भी बता दें कि मुख्य सचिव के पास में जो भी विभागों के प्रभार हैं, उन विभागों के लिंक अधिकारी ही कामकाज दैनिक तौर पर डील करेंगे। जिन अधिकारियों को बतौर लिंक अधिकारी ड्यूटी दी गई है, उनको नियमित तौर पर फाइलों का निस्तारण करेंगे।

■ बिना पूर्व सूचना के अवकाश नहीं ले सकेंगे अधिकारी

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 13 दिनांक 15.01.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम रोहतक।**

**गुमशुदा पर ईनाम की घोषणा बारे**



नाम - पिंकी
पिता/पति- श्री सतीश
पता - निवासी गांव किशनगढ, महम जिला रोहतक
उम्र - 28 वर्ष।
कद - 5 फुट।
हुलिया - रंग गँहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर जो लाल रंग का सूट सलवार पहने हुए।

दिनांक 15.01.2026 को पिंकी पुत्री श्री सतीश निवासी गांव किशनगढ महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम दिया जाएगा।

1. प्रबंधक थाना महम रोहतक - 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक - 7988741646

पीआरडीएच-1084/11/4360/2026/42115/88/6 दि. 16.01.26

**DISTRICT OFFICE HAFED FATEHABAD**
**TENDER NOTICE**

| Sr. No. | Name of Department | Particulars | Opening & Closing Date of Tender | EMD Amount (In Rs.) | Board Website | Contact No./ Email ID |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | The Haryana State Co-operative Supply & Marketing Fed. Ltd.. Fatehabad | E-Tender for sale of damage bardana (Jute and HDPE) and unserviceable/ damage stock articles i.e. wooden crates, nylon ropes, nylon net and moisture meter lying at various location of Hafed Fatehabad | 14.01.2026 27.01.2026 | Rs. 1,00,000.00 | http://hafed.gov.in www.etenders.hry.nic.in | 9306802977 dmhfdftd@hry.nic.in |

FOR MORE INFORMATION, CONTACT :- DISTRICT OFFICE HAFED FATEHABAD, BHODIA ROAD NEAR DHBVN, FATEHABAD.

**District Manager, Hafed, Fatehabad.**

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.72/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/2025-26, DATED24.12.2025 (ONLINETENDERIDNO.2025_HBC_492759_1) | बोली खुलने की तिथि 16.01.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 20/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 17.12.2025 ONLINETENDERID2025B59F8A6026064E29935B 665AD8069DCC968HVP / 2025_HBC_490998_1 | बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | 19/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 17.12.2025 ONLINETENDERID2025B93E3DFA01914917905 8793D6E43DFA2968 HVP/2025_HBC_490990_1 | बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 22/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 06.01.2026 ONLINETENDERID2026649FE354BA504C8F8671 C1E5C3D2CD968HVP/2026_HBC_495205_1 | बोली खुलने की तिथि 06.01.2026 (17:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद-13/2026/80/42133/I/88/6 दि. 16.01.26

## खबर संक्षेप

### गाय को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा

**सिरसा।** डिंग रोड नेशनल हाइवे नंबर 9 पर स्थित बग्गुवाली मोड़ के पास एक ट्रक के पलट जाने से कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। ट्रक अबोहर से गाजर लादकर बिहार की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक सड़क पर गाय आ जाने के कारण चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और ट्रक पलट गया। ट्रक चालक और परिचालक दोनों सुरक्षित है। प्रशासन ने आकर जाम खुलवाया।

### बिस्तर में आग लगने से बुजुर्ग की मौत

**कोसली।** छव्वा गांव में बिस्तर में लगी आग से एक बुजुर्ग की जलकर मौत हो गई। छव्वा गांव निवासी विनोद कुमार ने कोसली पुलिस को दी सूचना में बताया कि वीरवार रात लगभग दो बजे वह अपनी ड्यूटी से घर आए तो उन्होंने अपने पिता विजय सिंह के कमरे से धुआं निकलते देखा। उसने दरवाजा तोड़कर देखा तो उनके बिस्तर में आग लगी हुई थी। आग में उनका आधा शरीर जल चुका था। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके पिता शराब पीने के आदी थे। यह घटना शराब के नशे में बीड़ी पीने से लगी आग लगने के कारण हुई है।

### फर्जी मार्कशीट पर चुनाव लड़ने वाला सरपंच सस्पेंड

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र जिले में 10वीं की फर्जी मार्कशीट पर चुनाव लड़ने के आरोपी सरपंच को सस्पेंड कर दिया गया है। 14 जनवरी को अंबाला कमिश्नर कोर्ट ने शाहाबाद के खरींडवा गांव के सरपंच पवन कुमार को सस्पेंड कर दिया। पवन कुमार ने साल 2022 में सरपंची का चुनाव लड़ा था। उस दौरान जो 10वीं की मार्कशीट लगाई थी, वह फर्जी निकली। पिछले सप्ताह आरोपी सरपंच की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। मार्कशीट बनाने वाले की तलाश जारी है।

### जींद के मोहनगढ़-खटकड़ टी प्वाइंट पर रोडवेज बस के साथ हादसा

# कार को बचाने के चक्कर में बस पलटी, 2 दर्जन घायल

- बस में 55 यात्री सवार थे आरोपी कार चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव मोहनगढ़-खटकड़ टी प्वाइंट पर शुक्रवार को रोडवेज बस एक कार से टक्कर होने से बचने के फेर में खेतों में पलट गई, जिसमें दो दर्जन यात्रियों को चोटें आईं। उन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है। वहीं, कार चालक मौके से फरार हो गया। गांव मांडी से रोडवेज बस शुक्रवार को लगभग 55 यात्री लेकर लोकल रूट से जिला मुख्यालय बस अड्डे पर आ रही थी। बस के चालक अमरजीत तथा परिचालक कुलदीप ने बताया कि गांव मोहनगढ़-खटकड़ टी प्वाइंट पर बस के आगे अचानक कार आ गई। टक्कर से बचने के लिए बस चालक ने ब्रेक लगाए तो बस सड़क किनारे खेत में पलट गई। इसके बाद पीछे से आ रहे दूसरे वाहन सवार लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। घायल यात्रियों में मुख्य रूप से छात्तर निवासी सुरेंद्र (69), कमलेश (47), माया (38), शिवानी (18), भूसला निवासी नीलम (35), शिवानी (23), गांव कहसून निवासी शीला (28) समेत लगभग दो दर्जन शामिल हैं। जिसमें कुछ को प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातो का जायजा लिया।


जींद के खेतों में पलटी रोडवेज बस व अस्पताल पहुंचे घायल।

### अचानक ब्रेक लगने से एक-दूसरे पर गिरे यात्री

रोडवेज बस पलटने के साथ यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घायल यात्रियों ने बताया कि ठंड होने के कारण वे सीटों पर दुबके बैठे थे। अचानक ब्रेक लगे और यात्री एक दूसरे पर जा गिरे। एक बार तो लगा की कुछ नहीं बचेगा। सभी चिल्लाने लगे। फिर कुछ लोग उन्हें निकालते दिखाई दिए। बस के पलटने के कारण सड़क पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।



### बस में आग, यात्रियों को छोड़ चालक भागा

**रेवाड़ी।** सरकुलर रोड पर धारूहेड़ा चुंगी से पहले शुक्रवार को चलती प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई। बस में धुआं उठता देख उसमें सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद चालक यात्रियों को छोड़ बस से कूद गया। सूचना के बाद फायर बिग्रेड और पुलिस की टीम ने राहगीरों के सहयोग से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। बस रेवाड़ी से झज्जर जा रही थी। बताया जा रहा है कि अचानक तेल लीक होने से बस में आग लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे। आगजनी की इस घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन बस जलकर खाक हो गई।

### होटल में बदमाशी की सूचना पर झज्जर में दो बार मुठभेड़

# बदमाशों की गोली से एएसआई घायल, पुलिस ने पीछा कर एक के पैरों में मारी गोली, तीन पकड़े

सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व अहलावत खाप के प्रवक्ता आनंद अहलावत ने बेटे के एनकाउंटर को बताया फर्जी


एएसआई का हाल जानतीं पुलिस आयुक्त व घायल आरोपी को ले जाते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

अवैध हथियार की सूचना पर गुरुवार देर रात जांच कर रही एसटीएफ और संदिग्ध युवाओं की मुठभेड़ हो गई। युवाओं की गाड़ी को रुकवाया तो गाड़ी सवार एक युवक ने फायर कर दिया और मौके से फरार हो गए। गोली एएसआई प्रवीण कुमार को लगी। आनन-फानन में पुलिसकर्मी घायल साथी को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह और अन्य अधिकारी घायल पुलिसकर्मी का हाल पूछने के लिए निजी अस्पताल पहुंचे और आरोपियों को पकड़ने के लिए पूरे जिले सहित आसपास के जिलों में भी नाकाबंदी करवा दी। बाद में बेरी क्षेत्र में सीआईए की टीम और आरोपी बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। इसमें मुख्य आरोपी पंकज के पांव में गोली लगी और उसके दो साथियों नितेश और रोहित को भी पकड़ लिया गया। पंकज झज्जर जिले के प्रतिष्ठित परिवार का लड़का है। उसके पिता पूर्व बैंक चेयरमैन व खाप प्रवक्ता आनंद सिंह अहलावत ने कहा कि यह फर्जी मुठभेड़ है। होटल में सादी वर्दी में पुलिस वालों से हुई कहासुनी को मुठभेड़ का रूप दिया गया है।

### फुटेज में हथियारों के साथ हैं आरोपी : डीसीपी

डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक होटल में कुछ युवकों द्वारा हथियार दिखाते हुए बदतमीजी की गई है। पुलिस टीम ने जब गाड़ी का पीछा करते हुए उसे रुकवाने का प्रयास किया तो युवक ने गोली चला दी, जो एएसआई प्रवीन को जा लगी। उन्होंने बताया कि आरोपी पंकज पर भी दिल्ली में एक केस दर्ज है, जबकि दो अन्य नितेश और रोहित के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं। फर्जी मुठभेड़ के जवाब में उन्होंने कहा कि होटल की फुटेज में हथियार लिए हुए दिखाई दे रहे हैं।

### माइनिंग कार्य में सुरक्षा के लिए था हथियार : पिता

आरोपी पंकज के पिता सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन आनंद अहलावत ने पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह और डीसीपी क्राइम अमित दहिया से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की। मीडिया से कहा कि उन्होंने 28 वर्षों तक गोमाता की सेवा की है। 40 वर्षों से अहलावत खाप के प्रवक्ता की जिम्मेदारी है। स्वतंत्रता सेनानी का परिवार है। अब तक परिवार में किसी सदस्य पर भी केस दर्ज नहीं है। अगर उनका बच्चा गलत है तो सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि उनका माइनिंग का कार्य है और अपनी सुरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार लिया हुआ है।

## लड़की के शादी से मना करने पर बैरंग लौटी बारात

**यमुनानगर।** पंजाब के राजपुरा से यमुनानगर के छोटे लापरा में पहुंची बारात लड़की के शादी से मना करने पर बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। लड़की ने आरोप लगाया कि रिश्ता पक्का करने से पहले बिचौलिए ने लड़के की जाति को छिपाया। उधर दूल्हा व दुल्हन पक्ष के लोग कलानौर पुलिस चौकी में पहुंचे।

पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद लड़की को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। कलानौर पुलिस चौकी प्रभारी राजीव ने बताया कि लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने बयान करवा दिए गए हैं। लड़की शादी नहीं करना चाहती थी। इस संबंध में उसने दो-तीन दिन पहले भी शादी करने से मना कर दिया था।

### तीन जिलों में बम की धमकी से मचा हड़कंप

**हरिभूमि टीम. हरियाणा।** प्रदेश के तीन जिलों में लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर में यह धमकी आई। फतेहाबाद के उपायुक्त को एक ईमेल मिला, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हिंदी मे भेजी गई मेल में लिखा है कि जुम्मे के दिन लघु सचिवालय को बम से उड़ाएंगे। यदि बच गए तो आत्मघाती हमला करेंगे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी लघु सचिवालय पहुंच गई। सुरक्षा को देखते हुए लघुसचिवालय को सील कर दिया गया है और कर्मचारियों व आम लोगों की एंट्री पर भी रोक लगा दी गई है। लघुसचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। प्रशासन द्वारा हिसार से बम स्कवायड टीम को बुलाया गया है। सूचना के बाद बम स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। इससे पहले भी इससे पहले भी फतेहाबाद लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।


फतेहाबाद। जांच करती टीम।

## हवन के बहाने दुष्कर्म करने पर दो को 20-20 साल कैद

**रेवाड़ी।** घर में शांति के लिए हवन करने का झांसा देकर महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पाल की अदालत ने 20-20 साल की कैद व 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शिकायत में महिला ने बताया था कि उसका पति के साथ विवाद चल रहा था। 15 मार्च 2023 की रात शांति के लिए हवन करने को गांव के दो युवक आए, इनमें एक खुद को तांत्रिक बताता था। उसे सिरदर्द की गोली निकाल कर खाने के लिए दी, जिससे वह बेसुध हो गई। आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने थाना खोल में राधेश्याम व महेंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी।

### फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, तीन आरोपी पकड़े

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड पॉइंट्स रिडीम करने के नाम पर की गई साइबर ठगी के एक मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले तीन आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया कि 18 नवंबर 2025 को उसके पास एक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने स्वयं को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया। कॉलर ने शिकायतकर्ता को क्रेडिट कार्ड के वेलकम रिवार्ड पॉइंट्स रिडीम करने का लालच दिया तथा एक लिंक भेजा। लिंक खोलने पर शिकायतकर्ता से क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरवाई गई, जिसके तुरंत बाद उसके खाते से दो ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1,02,799 रुपये की राशि निकाल ली गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तुषार बत्रा निवासी तिलक नगर, वेस्ट दिल्ली, रेहान निवासी गांव रामपुर सघरी, मुजफ्फरनगर, बिहार हाल निवासी नई दिल्ली व राजू विनोद सांखला निवासी खोडियाल नगर, अहमदाबाद, हाल निवासी जे.जे. कॉलोनी, रघुबीर नगर वेस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपियों ने दिल्ली के निलौठी क्षेत्र में एक फ्लैट किराये पर ले रखा था, जहां बैठकर वे फर्जी कॉल सेंटर संचालित करते थे।


हरियाणा सरकार | Industrial Training Institute

हरियाणा सरकार द्वारा बजट वर्ष 2025-26 में की गई घोषणा के अनुसार कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, हरियाणा ने आम नागरिकों के लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से अब सरकारी आई.टी.आई. की Library और Workshop सुविधाओं का उपयोग आम जनता भी कर सकेगी।



**पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध सुविधाएं**

नागरिक निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे
» सरकारी आई.टी.आई. की Library का उपयोग
» Workshop Equipment एवं Tools का इस्तेमाल
» Online पंजीकरण द्वारा सुविधाओं की Advance Booking

**Registration Link: www.itiharyana.gov.in**



**सुविधा प्रारंभ होने की तिथि**

5 दिसम्बर, 2025 से यह पोर्टल आम जनता के लिए आधिकारिक रूप से उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**यह हरियाणा सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जो Skill Development को नई दिशा प्रदान करेगी।**

निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# लोक कल्याण की राजनीति और कुशल प्रबंधन की जीत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों के नतीजे केवल स्थानीय सत्ता संतुलन का संकेत नहीं हैं, बल्कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को भी स्पष्ट करते हैं। खासतौर पर मुंबई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने यह संदेश दिया है कि लोक कल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सशक्त आंतरिक प्रबंधन और संगठनात्मक अनुशासन आज की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यह जीत भाजपा के लिए केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उसकी रणनीति, नेतृत्व और जनविश्वास की पुष्टि है। लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। महाराष्ट्र में कुल 29 नगर निगमों के चुनावों में से 23 कॉरपोरेशनों में भाजपा-महायुति को स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं, मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटें मिलती दिख रही हैं। बिहार के बाद महाराष्ट्र की जनता ने भी स्पष्ट संदेश दिया है कि एनडीए और भाजपा का नेतृत्व ही देश को सही दिशा दे रहा है। इस जीत ने दिखा दिया कि भाजपा की नीतियों, कार्यशैली और निर्णायक नेतृत्व पर देश की जनता का अटूट विश्वास है। लोगों को जनकल्याण और विकास ही चाहिए। अब वे परिवारवाद और खाली बयानबाजी करने वालों के झांसे में नहीं आने वाले। इस जीत ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के कद को भी बढ़ा दिया है। यह परिणाम कांग्रेस, उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और शरद पवार के लिए एक ओर खतरे की घंटी है, वहीं पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के नतीजों ने पवार पावर को लेकर स्पष्ट राजनीतिक संदेश दिया है। जिस पवार ब्रांड को कभी सत्ता के इन शहरी केंद्रों में अजेय माना जाता था, वह अब अकेले जीत की गारंटी नहीं रह गया है। इस बार यहां शरद पवार और अजीत पवार की अगुआई वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के रणनीतिक तालमेल के बावजूद वोटरों ने तगड़ा झटका दे दिया है। दूसरी तरफ, करीब 20 साल बाद करीब आए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की जोड़ी भी कुछ खास दम नहीं दिखा पाई। चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि ठाकरे बंधुओं की जोड़ी जनता को भरोसे में नहीं ले सकी, यानी यह प्रयोग राजनीतिक तौर पर असफल रहा। भाजपा और उसके सहयोगियों का आगे रहना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी ने शहरी मतदाताओं की नब्ज को अच्छी तरह समझा। मुंबई, नागपुर और पुणे जैसे बड़े महानगरों में भारी बढ़त ने यह दिखा दिया कि भाजपा की पकड़ केवल ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि महानगरीय मतदाता भी उसकी नीतियों से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इन शहरों में बुनियादी सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और प्रशासनिक सुधारों ने मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला। बता दें कि महाराष्ट्र नगर निगम में 1997 से 2022 तक शिवसेना का वर्चस्व रहा और उसके 12 मेयर रहे। अब चार साल बाद चुनाव हो रहे हैं और भाजपा पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने जा रही है। एशिया की सबसे बड़ी मुंबई नगरपालिका का 74000 करोड़ का बजट देश के कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। कुल मिलाकर, महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज की राजनीति में लोक कल्याण, सुशासन और कुशल संगठनात्मक प्रबंधन सबसे बड़े हथियार हैं। भाजपा की जीत केवल विरोधियों की कमजोरी का परिणाम नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक मजबूती और जनविश्वास की देन है।

# विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया



ईरान बनाम अमेरिका

डॉ. घनश्याम बादल

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन अब केवल आर्थिक शिकायतों तक सीमित नहीं हैं। महंगाई, बेरोज़गारी और गिरती जीवन-स्तर की पीड़ा ने जिस असंतोष को जन्म दिया है, ईरान में जिस गति से महंगाई बढ़ी है, उससे वहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रसातल में जा चुकी है। अब तो विद्रोहियों के समर्थन में उमड़ता हुआ जन सैलाब सीधे-सीधे शासन व्यवस्था की वैधता पर सवाल बन चुका है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद यह पहली बार है, जब ईरान का धर्मतंत्र जनता के इतने बड़े हिस्से से वैचारिक रूप से कटता हुआ दिखाई देता है। महिलाओं, युवाओं, छात्रों और शहरी मध्यम वर्ग की भागीदारी ने इन प्रदर्शनों को साधारण विरोध से कहीं आगे पहुंचा दिया है और एक तरह से सीरिया जैसे हालातों की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। जहां सरकार विरोधी विद्रोही हिंसा एवं आगजनी पर उतरे हुए हैं तथा सरकार के तख्त पलट के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं सरकार की प्रतिक्रिया भी उतनी ही कठोर से कठोरता होती जा रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट, सामूहिक गिरफ्तारियां, सुरक्षा बलों की गोलीबारी और मृत्युदंड ये सब संकेत देते हैं कि ईरान में खामनेई सत्ता पर किसी भी कीमत पर नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

हालांकि ईरानी नेतृत्व इसे विदेशी साजिश करार देता है, लेकिन यह तर्क अब घरेलू स्तर पर भी असर खोता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि विरोध क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि क्या मौजूदा व्यवस्था उन्हें लंबे समय तक दबा पाएगी? आंतरिक उथल-पुथल के बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर ख़तरनाक ऊंचाई पर पहुंच गया है। अमेरिका मानवाधिकार उल्लंघनों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आधार बनाकर लगातार दबाव बना रहा है। प्रतिबंधों का नया दौर, सैन्य चेतावनियां और मध्य-पूर्व में अमेरिकी नौसैनिक तैनाती इस बात का संकेत हैं कि वाशिंगटन 'देखो और इंतजार करो' की नीति से आगे बढ़ने का विकल्प खुला रखे हुए है। हालांकि, यह समझना ज़रूरी है कि अमेरिका भी पूर्ण युद्ध नहीं चाहता। इसकी वज़ह वाशिंगटन की उदारता या शांतिप्रियता नहीं, अपितु यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-गाज़ा संघर्ष और घरेलू राजनीतिक दबावों के बीच एक और



बड़े युद्ध का बोझ उठाना वाशिंगटन के लिए आसान नहीं होगा। यही कारण है कि अमेरिका की रणनीति फिलहाल सीमित सैन्य कार्रवाई, आर्थिक दबाव और कूटनीतिक धमकियों तक सिमटी दिखती है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध अक्सर योजनाओं से नहीं, दुर्घटनाओं से शुरू होते हैं। यह तो तय है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच सीधा युद्ध होता है, तो उसके प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान के लिए इसका अर्थ होगा-तेल रिफाइनरियों, सैन्य ठिकानों और परमाणु संयंत्रों पर हमले, अर्थव्यवस्था का लगभग ठप हो जाना और संभवतः गृहयुद्ध जैसी स्थिति। बेशक सबसे भारी कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ेगी, जिनके लिए शांति पहले ही दुर्लभ हो चुकी है। अमेरिका के लिए यह युद्ध सैन्य रूप से भले ही नियंत्रित रहे, लेकिन राजनीतिक और रणनीतिक रूप से महंगा साबित होगा।

मध्य-पूर्व में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे प्रतिशोध के निशाने पर होंगे। घरेलू स्तर पर युद्ध-विरोधी माहौल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की 'नैतिक नेतृत्व' वाली छवि को और भी ज़्यादा झटका लगेगा। इससे भी अहम बात यह है कि अमेरिका का ध्यान एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हटेगा, जो उसके दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के विपरीत है। वैश्विक स्तर पर इसका सबसे तात्कालिक असर ऊर्जा बाजारों पर पड़ेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में जरा-सी अस्थिरता भी तेल की कीमतों को 120–150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा सकती है। इसका सीधा अर्थ है -वैश्विक महंगाई, आर्थिक मंदी और विकासशील देशों पर असहनीय दबाव। यूरोप, जो पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, सबसे अधिक प्रभावित होगा। इस परिदृश्य में चीन और रूस की भूमिका भी समझना ज़रूरी है। दोनों ही देश ईरान के संकट को अपने-अपने रणनीतिक लाभ के रूप में देख रहे हैं। चीन अमेरिका को मध्य-पूर्व में उलझा देखना चाहता है ताकि एशिया में उसकी पकड़ ढीली पड़े। रूस के लिए यह पश्चिमी एकता को कमजोर करने और ऊर्जा कीमतों से लाभ उठाने का अवसर है, लेकिन चीन या रूस कोई भी ईरान के लिए अमेरिका से सीधा युद्ध लड़ने को तैयार नहीं है।

ईरान उनके लिए साझेदार कम, रणनीतिक साधन अधिक है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का सबब है। तेल आयात पर निर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगाई का सीधा असर पड़ेगा। रुपये पर दबाव बढ़ेगा, शेयर बाजारों में अस्थिरता आएगी और खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा एक गंभीर प्रश्न बन जाएगी। साथ ही, ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह और अफगानिस्तान संपर्क जैसी रणनीतिक परियोजनाएं भी प्रभावित होंगी। हालांकि, संकट के बीच अवसर भी छिपे होते हैं। भारत की संतुलित और स्वायत्त विदेश नीति उसे एक संभावित मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है, लेकिन इसके लिए शर्त यह है कि भारत किसी भी खेमे में खड़ा होने की जल्दबाज़ी न करे।

अस्तु,, ईरान का संकट केवल एक देश की संप्रभुता एवं संकट की कहानी नहीं, उस वैश्विक व्यवस्था का आईना है, जहां दमन, असमानता और शक्ति-राजनीति मिलकर अस्थिरता को जन्म देती हैं। युद्ध शायद अभी टल सकता है, लेकिन उसके बीज बोए जा चुके हैं। सवाल यह नहीं कि दुनिया इस आग को देख रही है या नहीं, सवाल यह है कि क्या वह इसे फैलने से रोकने के लिए समय रहते कुछ करेगी।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व पुस्तक मेला

श्वेता गोयल



# रील्स के दौर में रीयल किताबें ही हैं शब्दों का सच्चा संसार

नई दिल्ली के हृदय स्थल भारत मंडपम में इन दिनों हवाओं में एक अलग ही सुंगध घुली हुई है। यह सुगंध किसी इत्र की नहीं, बल्कि पुरानी और नई किताबों के पन्नों, स्याही के अक्षरों और मानवीय मेधा के असीमित विस्तार की है। 10 से 18 जनवरी तक चलने वाला 53वां नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला केवल एक व्यावसायिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय मेधा और वैश्विक संस्कृति के मिलन का एक विराट अनुष्ठान है। पुस्तकें वह सेतु हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं और सभ्यताओं की स्मृतियों को जीवंत रखती हैं। डिजिटल क्रांति के इस प्रचंड वेग के बीच, जहां स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी हमारी आंखों को थकान दे रही है, वहां कागज के पन्नों पर अंकित शब्द एक शीतल छांव की तरह प्रतीत होते हैं। इस वर्ष के मेले की आत्मा 'भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और ज्ञान @75' की थीम में रची-बसी है। यह विषय केवल युद्धों का लेखा-जोखा नहीं है बल्कि उस साहस और बुद्धिमत्ता का वंदन है, जिसने स्वतंत्र भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। हॉल नंबर 5 में निर्मित थीम पवेलियन एक ऐसा गलियारा है, जो आगंतुकों को काल-यात्रा पर ले जाता है। यहां अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस की प्रतिकृतियों के बीच जब पाठक 21 परमवीर चक्र विजेताओं की गाथाओं से रूबरू होते हैं तो साहित्य और राष्ट्रभक्ति का एक अनूठा संगम निर्मित होता है। सैन्य इतिहास पर प्रदर्शित पांच सौ से अधिक पुस्तकें यह सिद्ध करती हैं कि तलवार की धार और कलम की शक्ति एक-दूसरे की पूरक हैं। शौर्य जब शब्दों में ढलता है तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्त्रोत बन जाता है। मेले का यह संस्करण कई मायनों में ऐतिहासिक है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) और आईटीपीओ के सहयोग से आयोजित इस मेले में पहली बार प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि ज्ञान पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए और जिज्ञासा की राह में अर्थ की बाधा नहीं आनी चाहिए। 'किताबों की दुनिया में कदम रखने के लिए अब जेब नहीं, बस जिज्ञासा चाहिए' का यह मंत्र भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशकों की उपस्थिति इस मेले को एक वैश्विक मंच प्रदान करती है, जहां कतर 'गेस्ट ऑफ ऑनर' और स्पेन 'फोकस कंट्री' के रूप में अपनी सांस्कृतिक विरासत साझा कर रहे हैं। आज के दौर में एक विमर्श अक्सर सुनाई देता है कि 'जेन-जी' यानी नई पीढ़ी किताबों से दूर होकर स्मार्टफोन्स की दुनिया में खो गई है, किंतु भारत मंडपम के गलियारों में उमड़ती युवाओं की भीड़ इस धारणा को सिरे से खारिज करती है।

तकनीक के शोर में पले-बढ़े ये युवा पिक्सल्स के बजाय पन्नों में अपना भविष्य तलाशते दिख रहे हैं। कतर पवेलियन में हवा में तैरते अक्षरों की जादुई दुनिया को निहारते हुए या रस्साकसी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों की पुस्तकों में अपनी जड़ों को खोजते हुए ये युवा यह प्रमाणित कर रहे हैं कि डिजिटल चमक क्षणिक हो सकती है लेकिन शब्दों की गहराई शाश्वत है। युवाओं का यात्रा वृत्तांतों, क्लासिक साहित्य और अपराध गाथाओं के प्रति यह आकर्षण दर्शाता है कि मानवीय संवेदनाएं आज भी एक अच्छी कहानी की तलाश में रहती हैं। शिक्षा मंत्री ने डिजिटल समय में ज्ञान को सुलभ और समावेशी बनाने की जिस प्राथमिकता का उल्लेख किया, वह 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय' के रूप में साकार होती दिख रही है। 23 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध छह हजार से अधिक मुफ्त ई-पुस्तकें यह सुनिश्चित करती हैं कि भाषा अब ज्ञान के मार्ग में अवरोध नहीं बल्कि एक सेतु बने। टेक्स्ट-टू-स्पीच जैसी सुविधाओं के साथ यह समावेशी प्रयास उन लोगों तक भी साहित्य पहुंचा रहा है, जो शारीरिक सीमाओं के कारण अब तक इससे वंचित थे। यह तकनीकी प्रगति और पठन संस्कृति का वह संतुलन है, जिसकी आज के युग को सर्वाधिक आवश्यकता है। मेले का एक और भावुक पक्ष 'अनसुने नायकों' को दी गई श्रद्धांजलि है। 'द सागा ऑफ कुडोपलीः द अनसंग स्टोरी ऑफ 1857' जैसी पुस्तकों का विमोचन यह संदेश देता है कि इतिहास केवल राजाओं और महलों का नहीं होता बल्कि उन साधारण लोगों का भी होता है, जिन्होंने असाधारण बलिदान दिए। किताबों के पन्ने पलटते बुजुर्गों की मुस्कुराहट और युवाओं की आंखों में उमड़ती जिज्ञासा यह साफ कर देती है कि पठन संस्कृति का यह महाकुंभ आने वाले समय में एक शिक्षित और जागरूक समाज की आधारशिला बनेगा। यह मेला एक आह्वान है पुस्तकों की ओर लौटने का, विचारों को विस्तार देने का और शब्दों की इस अनंत यात्रा का हिस्सा बनने का।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदल रहे



संकलित

## दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित

## प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी, एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा, अब मैं मंदिर नही आया करूँगी। इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः

1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा?

महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन

बीएमसी से ठाकरे बंधुओं की हुकूमत खत्म बीजेपी-महायुति को बढ़त मिली




## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। **- रमेश यदु**, रायगढ़

## ट्रेंड

### गठबंधन की प्रचंड जीत



महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की प्रचंड जीत यह बताती है कि जनता का विश्वास सिर्फ एनडीए की विकास नीति पर है। यह ऐतिहासिक सफलता, महायुति सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास और जनकल्याण के कार्यों पर जनता की मुहर है।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### स्टार्टअप इंडिया का दशक



स्टार्टअप इंडिया ने एक दशक पूरा कर लिया है और यह भारत के विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित इस पहल ने डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को सशक्त बनाया है, 21 लाख रोजगार सृजित किए हैं।

**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### विकास की राजनीति



महाराष्ट्र की सभी 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि राज्य की जनता ने स्थिर नेतृत्व, सुशासन और विकास की राजनीति पर अपना भरोसा जताया है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### ज़ुल्म और अत्याचार



भाजपा अपने संगी-साथियों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में काशी की दाल मंडी में हर घर-दुकानदार को दल रही है। ये ज़ुल्म और अत्याचार जनता अब और नहीं सहेगी। सत्ता भी भाजपाइयों को सिर्फ़ पैसे कमाने के लिए ही चाहिए।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# ताकतवर देशों को सुधार के लिए आगे रहना चाहिए : संरा

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों को सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए सबसे आगे रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करेंगे, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। संरा महासचिव गुतारेस ने बृहस्पतिवार को 193 सदस्यीय महासभा में 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर अपने भाषण में कहा, ''ऐसी संस्थाओं में सुधार होना चाहिए जो आज की दुनिया को दर्शाती हों। 1945 के समस्या समाधान के तरीकों से 2026 की समस्याओं का हल नहीं निकलेगा। अगर ढांचे हमारे समय, हमारी दुनिया, हमारी वास्तविकताओं को नहीं दिखाते हैं तो वे अपनी पहचान खो देंगे।'' उन्होंने समकालिक वास्तविकताओं को दिखाने के लिए वैश्विक संस्था में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक जीडीपी में हिस्सा हर दिन थोड़ा-थोड़ा कम हो रहा है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आकार, ताकत और असर बढ़ रहा है। गुतारेस ने कहा, जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करते हैं, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।



## ऑफ बीट

# आसमानी बिजली के अलग-अलग रूप

सदियों से आसमानी बिजली लोगों का ध्यान खींचती रही है। यह (आसमानी बिजली) मिथक, धर्म और लोकप्रिय संस्कृति में बसी हुई है। बिजली तब उत्पन्न होती है जब बादलों में विद्युत आवेश का निर्माण होता है। यह कुछ हद तक वैसा ही है जैसे जब आप अपने बालों को कंघी करते हैं या ट्रैम्पोलिन पर कूदते हैं तो बाल खड़े हो जाते हैं, लेकिन बादलों में विद्युत आवेश के निर्माण की प्रक्रिया बहुत अधिक तीव्र होती है। बादलों में यह आवेश तब बनता है जब ठोस और तरल जलकण आपस में टकराते हैं, जो गर्म हवा ऊपर उठने और ठंडी हवा नीचे गिरने (संवहन) के कारण होता है। जब आवेश अत्यधिक बढ़ जाता है, तो बिजली हवा के माध्यम से प्रवाहित होती है, जिसे हम चमक के रूप में देखते हैं। हम बिजली की चमक तुरंत देख लेते हैं, लेकिन गरज की आवाज बाद में आती है। आवाज़ को एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग तीन सेकंड लगते हैं। चमक और गरज के बीच का समय देखकर बिजली की दूरी का अनुमान लगाया जा सकता है। वैसे, बिजली सिर्फ पृथ्वी पर ही नहीं पाई जाती; वैज्ञानिकों ने हाल ही में मंगल ग्रह पर भी इसे देखा है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अंडर-19 वर्ल्ड कप: आज बांग्लादेश के खिलाफ भारत दिखाएगा दम

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम शनिवार 17 जनवरी को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। पांच बार की चैंपियन भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में अमेरिका को केवल 107 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। उसके बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ क्रीज पर लंबा समय बिताने की उम्मीद करेंगे क्योंकि अमेरिका के खिलाफ उन्हें खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला।

### भारत के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प

बांग्लादेश को कमजोर नहीं आंका जा सकता है और उसकी टीम आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी एक बार फिर उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज और वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर बल्लेबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह और उद्धव मोहन के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प हैं, जबकि कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान जैसे खिलाड़ी स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह टूर्नामेंट 1988 में शुरू हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी, दोपहर 1 बजे से मुकाबला



# निर्णायक मुकाबले में कुलदीप की फिरकी पर टिकी भारत की उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| इंदौर

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए अपने गेंदबाजी संयोजन पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है, क्योंकि पहले दो मैचों में उसके स्पिन गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि उसके बल्लेबाजों को कीवी टीम के धीमी गति के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए देखा गया। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने आसानी से जीत हासिल कर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली, जिसमें भारत की बीच के ओवरों की कमजोरियां उजागर हो गईं। इनमें सबसे

- न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम वनडे कल दोपहर 12 .30 बजे से



अधिक संघर्ष कुलदीप यादव को करना पड़ा, जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के सामने ना तो नियंत्रण बना सके और ना ही विकेट लेने का खतरा पैदा कर सके। इस मैच में शतक लगाने वाले डैरिल मिचेल ने उनकी गेंदों पर आसानी से रन बटोरे। कुलदीप की 'लेंथ और लाइन' दोनों पर हमला किया गया, जिसमें विशेष रूप से मिचेल ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए गेंद के टर्न को बेअसर किया और बीच के ओवरों में भारतीय रणनीति को नाकाम कर दिया।

## खबर संक्षेप



### सोनी ओपन में येल्लामाराजू और राय का अच्छा प्रदर्शन

**होनोलूलू।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी लगाईं, एक डबल बोगी और दो बोगी की तथा नौवें होल पर ईगल के साथ अपना खेल समाप्त किया। वह संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय भी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने भी तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। मौजूदा चैंपियन निक टेलर ने आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर केविन रॉय के साथ शुरुआती बढ़त साझा की है।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों का बहिष्कार खत्म

**ढाका।** बांग्लादेश के नाराज क्रिकेटरों ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों के कल्याण संघ के बीच सहमति बनने के बाद खेल के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए बहिष्कार खत्म कर दिया, जिससे शुक्रवार से बीपीएल टी20 के मैच फिर से शुरु हो गए। सीनियर खिलाड़ियों ने बीसीबी निदेशक नजमुल इस्लाम की उनके खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में बगावत कर दी थी, जिससे बोर्ड की शीर्ष टी20 लीग के ठप होने का खतरा पैदा हो गया था। बीसीबी ने स्थिति संभालने के लिए नजमुल को अपनी वित्त समिति के प्रमुख पद से हटा दिया, जिससे हालात कुछ हद तक नियंत्रण में आए। 'क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश' (सीडब्ल्यूएबी) के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने कहा कि खिलाड़ियों के हित के लिए उन्हें कुछ बातों पर समझौता करना पड़ा।



### चेन्नई सिंघम्स की लगातार दूसरी जीत, राइजर्स को हराया



**सूरत।** चेन्नई सिंघम्स ने फाल्कन राइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे उसकी टीम इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चेन्नई सिंघम्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाए, जो वर्तमान सत्र में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। उसकी तरफ से उप कप्तान केतन म्हात्रे ने 54 और जगन्नाथ सरकार ने 37 रन बनाए। इसके जवाब में फाल्कन राइजर्स हैदराबाद की टीम सात विकेट पर 80 रन ही बना पाई।

## महिला प्रीमियर लीग: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 32 रन से जीता मुकाबला

# राधा व श्रेयंका चमकीं, आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई

भाषा ▶▶| नवी मुंबई

- राधा यादव ने 66 रन बनाए
- श्रेयांका पाटील को 5 विकेट

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राधा यादव (66 रन) के अर्धशतक और ऋचा घोष के साथ शतकीय भागीदारी के बाद ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (23 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स को 32 रन से शिकस्त दी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली आरसीबी ने जीत की लय जारी रखते हुए तीसरे मुकाबले में लगातार तीसरी जीत हासिल की जबकि गुजरात जायंट्स को चौथे मैच में दूसरी हार झेलनी पड़ी। आरसीबी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राधा और ऋचा घोष (44 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी से सात विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स की टीम श्रेयंका (3.5 ओवर में 23 रन देकर पांच विकेट) और इंग्लैंड की



तेज गेंदबाज लॉरेन बेल (चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए भारती फूलमाली 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। अरूंधति रेड्डी और नाडिन डि क्लर्क ने भी एक एक विकेट झटका। गुजरात की टीम ने कप्तान बेथ मूनी (27 रन) की मदद से आक्रामक शुरूआत की। लेकिन जल्द ही विकेट गिरने शुरू हो गए जिससे टीम ने 46 रन पर तीन विकेट खो दिए थे। टीम ने नौंवे ओवर में कनिका आहुजा (16 रन) का विकेट खोने के बाद 11वें ओवर में जॉर्जिया वारेहम (13 रन) के रूप में अपना पांचवां विकेट गंवा दिया जिससे स्कोर पांच विकेट पर 70 रन हो गया। भारती फूलमाली (39 रन) और काशवी गौतम (18 रन) ने मिलकर कुछ उम्मीद जगाई। लेकिन बेल ने 17वें ओवर में भारती को आउट कर स्कोर सात विकेट पर 139 रन दिया। इसके बाद से टीम उबर ही नहीं सकी और जल्द अपने बचे हुए विकेट गंवा दिए। तनुजा कंवर ने 21 रन का योगदान दिया

**बेंगलुरु-182/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ग्रेस हैरिस पगबाधा बो काशवी | 17 |
| मंधाना का गायकवाड़ बो रेणुका | 05 |
| दयालन का शिवानी बो काशवी | 04 |
| गौतम पगबाधा बो डिवाइन | 09 |
| राधा का वारेहम बो डिवाइन | 66 |
| ऋचा का गार्डनर बो वारेहम | 44 |
| नाडिन का गायकवाड़ बो डिवाइन | 26 |
| अरूंधति रेड्डी नाबाद | 02 |
| श्रेयंका पाटिल नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 09
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 182रन
विकेट पतन : 1-26, 2-33, 3-39, 4-43, 5-148, 6-179, 7-180
गेंदबाजी: रेणुका सिंह 4-0-41-1, काशवी गौतम 4-0-42-2, एशले गार्डनर 4-0-32-0, सोफी डिवानइ 4-0-31-3, जॉर्जिया वारेहम 4-0-35-1

**गुजरात-150/10 (18.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| बेथ मूनी पगबाधा बो श्रेयंका | 27 |
| डिवाइन का एवं बो अरूंधति | 08 |
| कनिका पगबाधा बो श्रेयंका | 16 |
| एश्ले गार्डनर का ऋचा बो बेल | 03 |
| जॉर्जिया का राधा बो डि क्लर्क | 13 |
| भारती का हैरिस बो बेल | 39 |
| काशवी का हैरिस बो श्रेयंका | 18 |
| तनुजा का मंधाना बो श्रेयंका | 21 |
| शिवानी सिंह का रेड्डी बो बेल | 00 |
| राजेश्वरी गायकवाड़ नाबाद | 00 |
| रेणुका सिंह का रेड्डी बो श्रेयंका | 02 |

अतिरिक्त : 03
कुल योग : 18.5 ओवर में 150 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-34, 2-38, 3-46, 4-63, 5-70, 6-126, 7-139, 8-139, 9-148
गेंदबाजी : लॉरेन 4-0-29-3, लिन्से 2-0-27-0, अरूंधति 4-0-31-1, श्रेयंका पाटिल 3.5-0-23-5, नाडिन डि क्लर्क 3-0-30-1, राधा यादव 2-0-9-0

लेकिन आरसीबी की गेंदबाजों के सामने कोई भी टिककर नहीं खेल सका। इससे पहले राधा और ऋचा उस समय बल्लेबाजी करने आई जब टीम को मजबूत भागीदारी की दरकार थी। उन्होंने एक महत्वपूर्ण शतकीय साझेदारी करके टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। शुरू में जल्दी विकेट गंवाने से टीम का स्कोर चार विकेट पर 43 रन था जिसके बाद राधा ने 47 गेंद में 66 रन और ऋचा ने 28 गेंद में 44 रन बनाए। इन दोनों की भागीदारी से गुजरात जायंट्स की गेंदबाज निराश हो गईं क्योंकि शुरू में वे प्रतिद्वंद्वी टीम को कम स्कोर पर रोकने की ओर बढ़ रही थीं। गुजरात जायंट्स की युवा तेज गेंदबाज काशवी गौतम ने 42 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने विकेट का फायदा उठाकर आरसीबी की बल्लेबाजों को परेशान किया। उनके अलावा सोफी डिवाइन ने 31 रन देकर तीन विकेट झटके।

## आज पहले मैच में सिंदारोव से भिड़ेंगे गुकेश

# टाटा स्टील मास्टर्स: भारतीय खिलाड़ियों की कड़ी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

विश्व चैंपियन गुकेश 2025 की अपनी असफलताओं को पीछे छोड़कर शनिवार 17 जनवरी से शुरू होने वाले टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में नई शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जहां पहले दौर में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव से होगा। टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विश्व के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है। इसकी शुरुआत 1938 से हुई थी और 2011 से इसका आयोजन टाटा स्टील के बैनर तले किया जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों को इस बार टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। गुकेश ने 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। वह टाटा स्टील टूर्नामेंट में पिछली बार हमवतन आर प्रज्ञानानंदा से टाइब्रेक में हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार वह खिताब जीतने के लिए किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।



### प्रज्ञाननंदा का प्रदर्शन अपेक्षित नहीं

मौजूदा चैंपियन प्रज्ञाननंदा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है। इस प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी हैं, जो कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे, लेकिन 2025 के आखिर तक वह भारतीय खिलाड़ियों में रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहे। अर्जुन का लक्ष्य यहां अच्छा प्रदर्शन करके रैंकिंग में अपनी स्थिति को और मजबूत करना होगा।

### चिदंबरम का सामना ब्लूबाउम से

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम हैं, जो अपने करियर के सबसे मुश्किल टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। प्रज्ञाननंदा पहले मैच में अर्जुन से भिड़ेंगे जबकि चिदंबरम का सामना जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम से होगा। भारतीय खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड के अनीश गिरी, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जर्मनी के विन्सेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस बार टूर्नामेंट में नई समय नियंत्रण प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत खिलाड़ियों को 40 चालें चलने तक कोई अतिरिक्त समय नहीं मिलेगा।

## ऑकलैंड ओपन

# बाएज और मेनसिक में खिताबी मुकाबला, शेल्टन हुए बाहर





एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए। फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोज़सन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था।

### चिन्नास्वामी में लगेंगे एआई युक्त कैमरे, फैन सेफटी होगी हाई-टेक

*बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से आईपीएल मुकाबले छीने जाने से रोकने के लिए स्टेडियम में एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) तकनीक से युक्त 300 से 350 कैमरे लगाने का प्रस्ताव दिया है और साथ ही उसने इस भीड़ प्रबंधन पहल के लिए आने वाला अनुमानित चार करोड़ 50 लाख रुपए का पूरा खर्चा उठाने की पेशकश की है। आरसीबी ने यह प्रस्ताव कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को एक आधिकारिक पत्र के जरिए से दिया है। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, 'आरसीबी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 300 से 350 एआई से लैस कैमरे लगाने का प्रस्ताव दिया है। आरसीबी ने इस पहल की अनुमानित 4.50 करोड़ रुपए की पूरी एकमुश्त लागत उठाने की प्रतिबद्धता भी जताई है।' आरसीबी ने इसमें कहा, 'यह उन्नत निगरानी तकनीक केएससीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भीड़ की आवाजाही को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, अनुशासित कतार व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रवेश और निकास की रियल-टाइम ट्रैकिंग के जरिए अनधिकृत प्रवेश की निगरानी करने और कुल मिलाकर प्रशंसकों की सुरक्षा को काफी हद तक बढ़ाने में सक्षम बनाएगी।'*

# कोपा डेल रे: रेसिंग सैंटेंडर को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा बार्सिलोना

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियाल मैड्रिड की कोपा डेल रे में हार के एक दिन बाद मौजूदा चैंपियन बार्सिलोना ने उलटफेर से बचते हुए दूसरे डिवीजन की शीर्ष टीम रेसिंग सैंटेंडर को 2-0 से हराकर इस फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल कोपा फाइनल में बार्सिलोना से हारने वाला रियाल मैड्रिड दूसरी डिवीजन की टीम अल्बासेटे से 3-2 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। बार्सिलोना की शुरुआत भी अच्छी नहीं



रही और उसे अपना खाता खोलने के लिए एक घंटे से भी अधिक का इंतजार करना पड़ा। उसकी तरफ से फेरान टोरेस ने 66वें मिनट में पहला गोल किया जबकि लामिन यामल ने इंजरी टाइम के छठे और अंतिम मिनट में गोल करके बार्सिलोना की जीत पक्की कर दी। इस बीच रेसिंग के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए। पहला 77वें मिनट में और दूसरा 86वें मिनट में। उसने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में बराबरी करने का सुनहरा मौका भी गंवाया, जब बार्सिलोना के गोलकीपर जोन गार्सिया ने सब्स्टीट्यूट मानेक्स लोज़ानो के शॉट को शानदार तरीके से बचा लिया।

## मुकाबला — नॉकआउट चरण में हो रहे रोमांचक मुकाबले

# 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के टॉप-32 में चंडीगढ़ के नितिन

ओडिशा के अशुतोष पाधी को 4-2 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



शहर की एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार बैडमिंटन अकादमी में जारी 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष स्नूकर नॉकआउट चरण में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। अब चैंपियनशिप अंतिम 16 के मुकाबलों की ओर बढ़ रही है। इसमें देश के शीर्ष क्यू खिलाड़ियों के बीच कड़े और रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। चंडीगढ़ के नितिन शर्मा ने ओडिशा के पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन अशुतोष पाधी के विरुद्ध शानदार खेल दिखाया। पहला फ्रेम जीतकर नितिन ने बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे फ्रेम में 51 का ब्रेक लगाया, लेकिन अशुतोष ने वापसी करते हुए फ्रेम अपने नाम किया और स्कोर 1–1 कर दिया। अगले दो फ्रेम दोनों खिलाड़ियों ने बांटकर स्कोर 2–2 कर लिया। इसके बाद नितिन ने बेहतरीन पॉटिंग दिखाई और अगले दो फ्रेम आसानी से जीतकर मुकाबला 4–2 से अपने नाम किया तथा अंतिम-32 में जगह बनाई।

### फैसल खान छाए

पुरुष स्नूकर के नॉकआउट मुकाबलों में फैसल खान (आरएसपीबी) ने सुब्रत दास (ओडिशा) को 4–0, मनन चंद्रा (पीएसपीबी) ने शॉन डेविस (कर्नाटक) को 4–0, अनुराग गिरि (मध्य प्रदेश) ने शंकर राव (आंध्र प्रदेश) को 4–1, दिग्विजय कादियान (हरियाणा) ने बालकृष्ण (तेलंगाना) को 4–1, पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने अक्षत गुसाईं (उत्तराखंड) को 4–0, आईएच मनुदेव (कर्नाटक) ने जे वरुण कुमार (तमिलनाडु) को 4–0, विजय निचानी (तमिलनाडु) ने रणवीर दुग्गल (चंडीगढ़) को 4–2, अभिषेक आहूजा (दिल्ली) ने मुस्ताक खान (आरएसपीबी) को 4–1, सुमेर मैगो (महाराष्ट्र) ने प्रतीक चौधरी (उत्तर प्रदेश) को 4–1, बीसी कार्तिक (कर्नाटक) ने मनीष जैन (पश्चिम बंगाल) को 4–2, ऋतिक जैन (मध्य प्रदेश) ने आदित्य शांडिल्य (महाराष्ट्र) को 4–2, पारस गुप्ता (उत्तर प्रदेश) ने अभिषेक बच्छेती (उत्तराखंड) को 4–1, यूनिस नाजिर (जम्मू-कश्मीर) ने पियूष कुशवाहा (मध्य प्रदेश) को 4–3, ओवैस कमरान (राजस्थान) ने गौतम वर्मा (पंजाब) को 4–3 से, अनमोलदीप सिंह (पंजाब) ने अशुतोष पाधी (ओडिशा) को 4–3 और उजैर खान (मध्य प्रदेश) ने आदित्य राजावत (कर्नाटक) को 4–1 से हराया।

### अंतिम 32 में लक्ष्मण रावत भी

पुरुष स्नूकर नॉकआउट के अंतिम 32 में लक्ष्मण रावत (पीएसपीबी) ने बीसी कार्तिक (कर्नाटक) को 5–1, ध्वज हरिया (पीएसपीबी) ने अभिषेक आहूजा (दिल्ली) को 5–1, एस. श्रीकृष्ण (पीएसपीबी) ने फैसल खान (आरएसपीबी) को 5–1, एमडी हुसैन (आरएसपीबी) ने अनुराग गिरि (मध्य प्रदेश) को 5–1, पारस गुप्ता (उत्तर प्रदेश) ने शोएब खान (दिल्ली) को 5–2, केतन चावला (मध्य प्रदेश) ने सुमेर मैगो (महाराष्ट्र) को 5–1, मनन चंद्रा (पीएसपीबी) ने राहुल सचदेव (महाराष्ट्र) को 5–2, पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने दिव्या शर्मा (हरियाणा) को 5–0, आईएच मनुदेव (कर्नाटक) ने ध्रुव पटेल (गुजरात) को 5–4, नितिन शर्मा (चंडीगढ़) ने यूनिस नाजिर (जम्मू-कश्मीर) को 5–3, सौरव कोठारी (पीएसपीबी) ने विजय निचानी (तमिलनाडु) को 5–1, आदित्य मेहता (पीएसपीबी) ने ऋतिक जैन (एमपी) को 5–1, बृजेश दामानी (पीएसपीबी) ने उजैर खान (एमपी) को 5–3, पांडुरंगैय्या (आरएसपीबी) ने अनमोलदीप सिंह (पंजाब) को 5–1, मलकीत सिंह (आरएसपीबी) ने ओवैस कमरान (राजस्थान) को 5–3 और रयान रज्मी (महाराष्ट्र) ने दिग्विजय कादियान (हरियाणा) को 5–4 से हराया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




ईरान संकट खत्म करने के लिए अब रूस ने की मध्यस्थता की पेशकश

# नेतन्याहू से चर्चा कर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान को मिलाया फोन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को/ वॉशिंगटन

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच रूस ने कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पहले इजराइल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और इसके तुरंत बाद ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क साधा। क्रेमलिन के मुताबिक, पुतिन क्षेत्र में तनाव घटाने और स्थिरता बहाल करने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों के पक्ष में हैं। रूस का कहना है कि पुतिन मध्य पूर्व और ईरान से जुड़े हालात में तनाव कम करने के लिए सक्रिय रहेंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि पुतिन क्षेत्रीय हालात को शांत करने की दिशा में प्रयास जारी रखेंगे। इससे पहले पुतिन ने नेतन्याहू से बातचीत में रूस की मध्यस्थता की पेशकश भी रखी और कहा कि सुरक्षा व स्थिरता के लिए राजनीतिक रास्ता ही बेहतर विकल्प है। नेतन्याहू से फोन पर बातचीत में पुतिन ने मध्य पूर्व और ईरान की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने स्पष्ट किया कि रूस क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने के पक्ष में है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह के सैन्य टकराव से बचना सभी पक्षों के हित में होगा। रूस दोनों पक्षों ईरान और इजराइल से सीधे बात कर रहा है। इसका उद्देश्य संवाद के जरिए गलतफहमियां कम करना और टकराव की आशंका को घटाना है। रूस का मानना है कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सभी पक्षों को बातचीत की मेज पर लाना जरूरी है।

## ईरान पर अमेरिका हमला न करेः अरब देश


इजराइल पीएम नेतन्याहू, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, ईरानी राष्ट्रपति मसूद

खाड़ी देशों सऊदी अरब, कतर, ओमान और मिस्र ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का रास्ता खोला है। करीब 48 घंटे की कोशिश के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर संभावित हमले को टाल दिया है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि फिलहाल ईरान पर हमला नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान में हिंसा की घटनाएं कुछ कम हुई हैं। ये चारों देश पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी हैं और इन देशों ने अमेरिका से अपील की है कि वे ईरान पर हमला न करें। इन देशों को आशंका है कि अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है, जिससे पूरे क्षेत्र असर पड़ सकता था। इन चारों देशों ने अमेरिका को बताया कि अगर ईरान पर हमला हुआ तो इसके गंभीर सुरक्षा और आर्थिक परिणाम होंगे। इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा और अंत में अमेरिका भी इससे प्रभावित होगा।

### न्यूजीलैंड ने बंद किया दूतावास

न्यूजीलैंड ने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन, हिंसा और अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच अस्थायी तौर पर तेहरान में स्थित अपने दूतावास को बंद करने का फैसला किया है। साथ ही अपने वाणिज्य दूतावास को तुर्किए के अंकारा में स्थानांतरित कर दिया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि उसके सभी राजनयिक स्टाफ ने तेहरान छोड़ दिया है।




18वां इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग

## दोनों देशों का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साथ में काम करना जरूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत और जापान के बीच बढ़ते संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि भारत क्वाड, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जापान के साथ मिलकर काम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहे, बल्कि व्यापक और रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। नई दिल्ली में आयोजित 18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग के दौरान जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ एस. जयशंकर ने कहा कि पिछले दो दशकों में भारत-जापान संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। भारत जापान के साथ अपनी दोस्ती को बहुत अधिक प्राथमिकता देता है। आज हम अंतरराष्ट्रीय फोरम पर जापान के साथ काम करने को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं, जिनमें क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, जी4 सदस्यता और जी-20 प्रमुख हैं। जयशंकर ने कहा कि इंडो-पैसिफिक को राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक ढांचे के रूप में उभारने की नींव जापान के एक पीएम ने भारतीय संसद में अपने भाषण के जरिए रखी थी। भारत का इंडो-पैसिफिक विजन, जापान के 'फ्री और ओपन इंडो-पैसिफिक' दृष्टिकोण से काफी मेल खाता है।

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत बना दुनिया का 'ग्रोथ इंजन'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की हालिया 'चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक' सर्वे ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक मिश्रित तस्वीर पेश की है। इसके अनुसार, जहां एक ओर दुनिया के अधिकांश अर्थशास्त्री इस वर्ष वैश्विक आर्थिक स्थितियों के कमजोर होने की आशंका जता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, भारत के नेतृत्व में दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे उज्ज्वल विकास केंद्र के रूप में उभरा है। भारत में रोजगार प्रतिबंधों को कम करने जैसे श्रम कानूनों में निरंतर सुधार और अमेरिकी तकनीकी फर्मों द्वारा निवेश में बढ़ोतरी ने देश की आर्थिक स्थिति को और मजबूती दी है।




